# PERIODIC TEST - 2

**CLASS VI** **HINDI**

**Time : 1½ hrs.**
**Marks : 40**

**SET A**

**SECTION A**

1. श्रेष्ठतम शब्द में विशेषण की अवस्था है। **1**

   क) कोई नहीं  ख) उत्तमावस्था  ग) उत्तरावस्था  घ) मूलावस्था

2. संकेतवाचक विशेषण छाँटिए **1**

   क) वह मकान  ख) बीस लड़के  ग) दस मन गोहूँ  घ) पंजाबी

3. इच्छा - शब्द उचित विलोम है **1**

   क) सुविधा  ख) काश  ग) एच्छिक  घ) अनिच्छा

4. निम्नलिखित शब्दों के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए **1**

   क) किनारा  ख) नदी

5. निम्नलिखित शब्दों में संन्धि कीजिए **1**

   i) सुर + ईश  ii) विद्या + आलय

6. निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए **1**

   i) दुः + चरित्र  ii) निः + रस

**SECTION B**

7. साथी हाथ बढ़ाना के अनुसार क्या बिना किसी के सहयोग के आगे बढ़ा जा सकता है? **2**

8. 'साथी हाथ बढ़ाना कविता के अनुसार' सागर ने रास्ता छोड़ा, परबत ने रीश झुकाया पंक्ति का आशय स्पश्ट कीजिए। **2**

9. वैद्य जी मोहन को क्या बीमारी बताते हैं? वह इसे क्या दवा देते हैं?(ऐसे-ऐसे) **2**

10. कहानी (टिकट एलबम) से व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए प्रयुक्त हुए नहीं अर्थ देने वाले शब्दों (नकारात्मक विशेषण) को छाँटकर लिखो। उनका उल्टा अर्थ देने वाले शब्द भी लिखो। **2**

11. टिकट-अलबम पाठ में पाठ के अंत में राजप्पा अलबम को छाती से लगाकर फूट-फूटकर रो पड़ा क्यों? **2**

    **अथवा**

    नागराजन को अपना एलबम दे देने पर राजप्पा की क्या हालत हुई?

12. मोहन की माँ क्यों परेशान थीं? उन्होंने मोहन के पिता को मोहन के विषय में क्या बताया? **4**

13. टिकट-अलबम पाठ में राजप्पा ने अपना अलबम नागराजन को देने के बाद वापस क्यों माँगा? अलबम लेकर उसने क्या किया? **4**

    **अथवा**

    राजप्पा को अपना अलबम कूड़ा क्यों लगने लगा?

14. प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर खेल-कूद का सामान मंगवाइये। **5**

**अखवा**

पुस्तक मंगाने हेतु पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखो।

15. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए। **5**

एक गुरु के आश्रम में रहकर अनेक छात्र शिक्षा ग्रहण करते थे। उन छात्रों में एक मंदबुद्धि छात्र भी था। उसका नाम था- बोपदेव। उसकी समझ में पढ़ाया हुआ कुछ भी नहीं आता था। जब गुरुजी छात्रों से प्रश्न पूछते, तो बाकी सभी छात्र उनके प्रश्नों का उत्तर दे देते लेकिन बोपदेव कोई उत्तर न देता। गुरुजी छात्र को अलग से बैठाकर भी समझाते, पर सब बेकार था।

धीरे-धीरे बोपदेव को भी यह विश्वास हो गया कि विद्या उसके भाग्य में नहीं है। एक दिन गुरुजी ने उससे कहा "विद्या तुम्हारे भाग्य में है ही नहीं। अतः समय नष्ट न कर घर जाकर कोई काम करो।" उदास मन से वह घर की ओर चल पड़ा रास्ते में उसे बहुत अधिक प्यास लगी। वह पानी पीने के लिए एक कुएँ पर रुक गया। वहाँ कुछ स्त्रियाँ पानी खींचकर अपने बरतनों में भर रहीं थीं। उसने एक स्त्री से पानी पिलाने की विनती की। महिला ने उस पानी पिला दिया।

बोपदेव पानी पीकर कुएँ की गहराई जानने के लिए कुएँ पर चढ़ गया। उसने देखा कि स्त्रियाँ जिस स्थान पर बरतन रखकर पानी खींच रही थी, उस स्थान पर कुएँ की दीवार पर रास्सियों की रगड़ से कुछ निशान बन गये हैं। उसके मन में विचार आया। यदि प्रतिदिन रस्सी की रगड़ से दीवार पर निशान पड़ सकते हैं, तो मेरे प्रतिदिन अभ्यास करने पर विद्या क्यों नहीं आ सकती?

वह अपने मन में अटल विश्वास कर वापस आश्रम की ओर चल पड़ा। आश्रम पहुँचकर उसने गुरु जी के चरण पकड़ लिए। उसने कहा, "अब में सच्ची लगन, परिश्रम से विद्या ग्रहण करूँगा। मैं आलस्य नहीं करूँगा।" उसने खूब परिश्रम किया।

आगे चलकर गुरु के आशीर्वाद और अपने अथक परिश्रम से बोपदेव बहुत बड़ा विद्वान बना।

i) गद्यांश के पढ़ने के बाद बताएँ कि इस गद्यांश का शीर्षक क्या हो सकता है?

   i) जैसी करनी वैसी भरनी।   ii) एक हाथ से ताली नहीं बजती

   iii) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।   iv) अपनी करनी पार उतरनी

ii) मंदबुद्धि छात्र का क्या नाम था?

   i) सोमदत्त   ii) सूर्यदेव   iii) रामदेव   iv) बोपदेव

iii) विद्या कैसे ग्रहण की जा सकती है?

   i) पाठ को रट कर   ii) सच्ची लगन व परिश्रम से

   iii) मार खाकर   iv) सही उत्तर न देकर

iv) मूर्ख व्यक्ति भी विद्वान बन सकता है, कैसे?

i) प्रतिदिन अभ्यास से ii) पाठ को रटने से

iii) सोचने से iv) ईश्वर की प्रार्थना से

v) बोपदेव कुँए पर क्यों चढ़ गया?

i) कुँए में गिरने के लिए ii) कुँए की गहराई जानने के लिए

iii) पानी पीने के लिए iv) उपर्युक्त सभी

## SECTION C

16. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:** **3**

एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया

एक से एक मिले हो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा

एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत

एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत

साथ हाथ बढ़ाना।

i) पानी की एक-एक बूँद मिलकर क्या बन जाती है?

ii) रेत का एक-एक कण मिलकर क्या बनाता है?

iii) अगर इंसान आपस में मिल जाएँ तो क्या कर सकते हैं?

17. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर चुनिए:** **3**

वैद्या जी - (हर्ष से उछल कर) मैंने कहा न, मैं समझ गया। अभी पुड़िया भोजता हूँ। मामूली बात है, पर यही मामूली बात कभी-कभी बड़ों-बड़ों को छका देते है। समझने की बात है। मैंने कहा, आओ जी, दीनानाथ जी, आप ही पुड़िया ले लो। (मोहन की माँ से) आधे-आधे घंटे बाद गरम पानी से देनी है। दे-तीन दस्त होंगे। बस फिर 'ऐसे-ऐसे' ऐसे भागोग जैसे गधे के सिर से सींग।

i) वैद्य जी हर्ष से क्यों उछलते हैं?

ii) वैद्य जी मोहन के लिए क्या दवा देते हैं?

iii) वैद्य जी क्या आश्वासन देते हैं?

# PERIODIC TEST - 2

**CLASS VI** **HINDI**

**Time : 1½ hrs.**

**SET B** **Marks : 40**

## SECTION A

1. परिणामवाचक विशेषण के कितने भेद हैं? **1**

   क) चार ख) एक ग) दो घ) तीन

2. मैंने उपन्यास पढ़ा। वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद है। **1**

   क) सामान्य क्रिया ख) संयुक्त क्रिया ग) नामधातु क्रिया घ) प्रेरणार्थक क्रिया

3. कुरुप शब्द का विलोम शब्द है **1**

   क) प्रकृति ख) निर्बल ग) बनावटी घ) सुंदर

4. पर्यायवाची शब्द लिखिए **1**

   कामदेव

5. निम्नलिखित शब्दों में संन्धि-विच्छेद कीजिए **1**

   i) महौदार्य ii) राजेश

6. निम्नलिखित शब्दों में सन्धी कीजिए **1**

   i) विस्मय + आदि ii) सप्त + ऋषि

## SECTION B

7. सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया - साथी हाथ बढ़ाना गीत में साहिर ने ऐसा क्यों कहा है? लिखो। **2**

8. साथी हाथ बढ़ाना कविता के अनुसार मेहनत करने वालों के मिलकर कदम उठाने से क्या होगा? **2**

9. ऐसे-ऐस पाठ में मोहन के दर्द को समझने के लिए पिताजी उससे क्या सवाल करते हैं? **2**

10. राजप्पा और नागराजन की तरह क्या तुम भी कोई शौक रखते हो? जुड़े किस्से सुना ओ। **2**

11. इकट्ठा किए हुए टिकटों का असग-अलग तरह से वर्गीकरण किया जा सकता है। जौसे, देश के आधार पर। ऐसे और आधार सोचकर लिखो। **2**

    **अथवा**

    टिकट-अलबम पाठ में नागराजन को राजप्पा की किस बात पर विश्वास नहीं हो रहा था और क्यों?

12. मान ले कि तुम मोहन की तबीयत पूछने जाते हो। तुम अपने और मोहन के बीच की बातचीत को संवाद के रूप में लिखो। **4**

13. टिकट-अलबम पाठ में नागराजन के अलबम के मुख्य पृष्ठ पर क्या लिखा था और क्यों? इसका असर कक्षा के दूसरे लड़के-लड़कियों पर क्या हुआ? **4**

    **अथवा**

    टिकट अलबम पाठ में नागराजन जब राजप्पा के घर आया तो वह क्यों डर गया?

14. अपने दिल्ली के एक नए विद्यालय में प्रवेश लिया है। इस विद्यालय की अच्छाइयों के बारे में बताते हुए अपनी माताजी को पत्र लिखिए। **5**

**अखवा**

बड़े भाई के विवाह के अवसर पर आमंत्रित करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

15. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।** **5**

जल की तीन अवस्थाएँ होती हैं-ठोस, द्रव और गैसा। यो तीनों अवस्थाएँ परस्पर परिवर्तनशील है। जल की ठोस अवस्था बर्फ है। बर्फ पिघलने पर तरल बल जाता है और वाष्पीकरण कि प्रक्रिया से जलवाष्प में बदल जाता गै। जलवाष्प का अधिकतर भाग महासागरों, नदियों, झीलों हिमक्षेत्रों तथा हिमनदियों से प्राप्त होता है, जो कुल जलावाष्प का 75% तक होता है। वास्तव में महासागरों का धरातल वायुमंडलीय जलवाष्प का सबसे बड़ा स्रोत है। पवन तथा अन्य वायुमंडलीय संचरण इस जलवाष्प को एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर ले जाता है। अनुकूल परिस्थितियाँ पाकर यही जलवाष्प बूंदों में बदल जाती हैं और वर्ष, बर्फ, ओले आदि के रूप में पृथ्वी पर गिरकर पुनः पानी का रूप ले लेती है। यही पानू महासागर से या सीधे फिर से वायुमंडल में पहुँच जाता है। इस प्रकार यह अनवरत् चलने वाली प्रक्रिया है।

i) बर्फ पानी की किस अवस्था को कहते हैं?

i) तरल ii) ठोस iii) गैसीय ii) 'क' और 'ख' दोनों

i) जलवाष्प का 75% तक हमें कहाँ से प्राप्त होता है?

i) हिमक्षेत्रों से ii) नदियों एवं झीलों से iii) महासागरों से iv) ये सभी

iii) जलवाष्प को एक स्थान से दूसरे स्थान तक मुख्यतया 75% ले जाता है।

i) नदियाँ ii) हिमसागर iii) पवन iv) धरातल

iv) जलवाष्प का बदला हुआ रूप इनमें से कौन-सा है?

i) बर्फ ii) ओला iii) वर्ष iv) ये सभी

v) संचरण में पुयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द है।?

i) सं + चरण ii) सम् + चरण iii) संच + रण iv) स + चरण

**SECTION C**

16. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:** **3**

मोहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना
काल गैरों कि खातिर की, आज अपनी खातिर करना
अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक

अपनी मंज़िल सच की मंज़िल, अपना रास्ता नेक

साथी हाथ बढ़ाना।

i) हमारा भाग्य क्या है?

ii) हमारी मेहनत का लाभ पहले किसे मिलता था?

iii) अब हमारी मेहनक किसके लिए है?

17. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर चुनिएः** **3**

मास्टर-माता जी, मेहन की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है। इसकी 'ऐसे-ऐसे' की बीमारी को में जानता हूँ। अकसर मोहन जौसे लड़कों को वह हो जाती है।

माँ-सच! क्या बीमारी है यह?

मास्टर-अभी बताता हूँ। (मोहन से) अच्छा साहब! दर्द तो दूर हो ही जाओगा। डरो मत। बेशक कल स्कूल मत आना। पर हाँ, एक बात तो बताओ, स्कूल का काम तो पूरा कर लिया है?

i) मोहन की दवा बैद्य और डाँक्टर के पास क्यों नहीं है?

ii) मास्टर जी मोहन की बीमारी को कैसे जानते हैं?

iii) मास्टर जी मोहन से स्कूल के काम के बारे में क्यों पूछते हैं?